1. यूपीएसएसएफ (UPSSF) का पूरा नाम बताएँ।
(A) उत्तर प्रदेश सोशल सोर्स फ़ोर्स
(B) उत्तर प्रदेश सोशल सिक्योरिटी फ़ोर्स
(C) उत्तर प्रदेश सॉलिड सिक्योरिटी फ़ोर्स
(D) उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फ़ोर्स
Give full form of UPSSF.
(A) Uttar Pradesh Social Source Force
(B) Uttar Pradesh Social Security Force
(C) Uttar Pradesh Solid Security Force
(D) Uttar Pradesh Special Security Force

2. निवेश मित्र मोबाइल एप्लिकेशन भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की एक पहल है ?
(A) असम (B) गुजरात
(C) तेलंगाना (D) उत्तर प्रदेश
Nivesh Mitra Mobile application is an initiative of which of the following states of India ?
(A) Assam (B) Gujarat
(C) Telangana (D) Uttar Pradesh

3. विमुद्रीकरण को निम्नलिखित में से किस नाम से भी जाना जाता है ?
(A) नोटबंदी (B) कैशलेस
(C) कोई मुद्रा नहीं (D) नई मुद्रा
Demonetisation is also known by which of the following names ?
(A) Note Ban (B) Cashless
(C) No Currency (D) New Currency

4. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के अनुसार एक अवधि या एक पट्टे, वचनबंध या अनुदान के तहत धारित भूमि खंड को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?
(A) समेकित (Consolidated)
(B) कृषि भूमि (Agricultural Land)
(C) बागभूमि (Grove Land)
(D) धृति (Holding)
A parcel of land held under one tenure or one lease, engagement or grant is known as which of the following according to Uttar Pradesh Revenue Code, 2006 ?
(A) Consolidated
(B) Agricultural Land
(C) Grove Land
(D) Holding

5. ई-मेल में भरोसेमंद स्रोत बनकर दुर्भावनापूर्ण कारणों के लिए संवेदनशील जानकारी जैसे यूजर-नेम, पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड विवरण आदि प्राप्त करने का प्रयास क्या कहलाता है ?
(A) सोर्सिंग (Sourcing)
(B) लोसिंग (Losing)
(C) चीटिंग (Cheating)
(D) फ़िशिंग (Phishing)
An attempt to obtain sensitive information such as username, password and credit card details etc. for malicious reasons, by posing as a trustworthy source in e-mail is called as
(A) Sourcing (B) Losing
(C) Cheating (D) Phishing

6. "टका" निम्नलिखित में से किस देश की मुद्रा है ?
(A) थाइलैंड (B) बांग्लादेश
(C) तुर्की (D) सर्बिया
"Taka" is the currency of which of the following countries ?
(A) Thailand (B) Bangladesh
(C) Turkey (D) Serbia

7. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य जीएसटी के लिए सही नहीं है ?
(A) जीएसटी एकल प्रशासन के तहत पूरे देश में एक सामान्य कानून और प्रक्रिया है।
(B) जीएसटी एक गंतव्य-आधारित कर है।
(C) जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट या मूल्य के घटाव के लाभ के साथ एक ही दर पर वस्तुओं और सेवाओं दोनों पर एक व्यापक उगाही और वसूली है।
(D) वस्तुओं और सेवाओं पर कई प्रकार के कर लगाए जाते हैं।
Which of the following sentences is not correct for GST ?
(A) GST is a common law and procedure throughout the country under single administration.
(B) GST is a destination-based tax.
(C) GST is a comprehensive levy and collection on both goods and services at the same rate with benefit of input tax credit or subtraction of value.
(D) There are multiple levies of tax on goods and services.

8. निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह कच्छ, गुजरात में स्थित है ?
(A) कांडला बंदरगाह (दीनदयाल बंदरगाह)
(B) पाराद्वीप बंदरगाह
(C) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह
(D) मोर्मुगाओ बंदरगाह

Which of the following ports is located in Kuchchh, Gujarat ?
(A) Kandla Port (Deendayal Port)
(B) Paradwip Port
(C) The Jawaharlal Nehru Port
(D) Mormugao Port

9. हाल ही में, श्री अमित शाह ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NCDFI) के मुख्यालय की आधारशिला रखी है ?
(A) आणंद (B) जयपुर
(C) बेंगलुरु (D) गांधीनगर

Recently, Shri Amit Shah has laid the foundation-stone of the headquarters of National Cooperative Dairy Federation of India (NCDFI) at which of the following places ?
(A) Anand (B) Jaipur
(C) Bengaluru (D) Gandhinagar

10. निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार सहकारी और दुध उत्पादक कंपनियों को आगे बढ़ने और प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करने के लिए प्रेरित करने हेतु दिया जाता है ?
(A) राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार
(B) अर्जुन पुरस्कार
(C) ध्यानचंद पुरस्कार
(D) द्रोणाचार्य पुरस्कार

Which of the following awards is given to motivate Cooperative and Milk producer Companies to grow and to instill competitive spirit ?
(A) National Gopal Ratna Award
(B) Arjuna Award
(C) Dhyanchand Award
(D) Dronacharya Award

11. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते को मंजूरी दी है ?
(A) जर्मनी (B) इटली
(C) श्रीलंका (D) नेपाल

The Union Cabinet has recently approved the Migration and Mobility Agreement between India and which of the following countries ?
(A) Germany (B) Italy
(C) Sri Lanka (D) Nepal

12. हाल ही में, भारतीय नौसेना का फास्ट अटैक क्राफ्ट आईएनएस काबरा निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहुँचा है ?
(A) कोलंबो, श्रीलंका
(B) माले, मालदीव
(C) जेबेल अली का बंदरगाह, यू.ए.ई.
(D) मातरबारी बंदरगाह, बांग्लादेश

Recently, Indian Navy's Fast Attack Craft INS Kabra has arrived at which of the following places ?
(A) Colombo, Sri Lanka
(B) Male, Maldives
(C) Port of Jebel Ali, U.A.E.
(D) Matarbari Port, Bangladesh

13. निम्नलिखित में से कौन ख़ुदाई ख़िदमतगार का संस्थापक था ?
(A) खान अब्दुल गफ्फार खान
(B) बदरुद्दीन तैयबजी
(C) मौलाना आज़ाद
(D) मोहम्मद अली जिन्ना

Who among the following was the founder of the Khudai Khidmatgars ?
(A) Khan Abdul Gaffar Khan
(B) Badruddin Tyabji
(C) Maulana Azad
(D) Mohammad Ali Jinnah

14. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीपसमूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन (KLI-SOFC) का उद्घाटन किया है ?
(A) श्री राजनाथ सिंह (B) डॉ. एस. जयशंकर
(C) श्री अमित शाह (D) श्री नरेंद्र मोदी

Who among the following has inaugurated Kochi-Lakshadweep Islands Submarine Optical Fiber Connection (KLI-SOFC) recently ?
(A) Shri Rajnath Singh
(B) Dr. S. Jaishankar
(C) Shri Amit Shah
(D) Shri Narendra Modi

15. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(A) कुम्हार, गधा (B) पलंग, पीला
(C) नव्य, स्वर्णकार (D) डंडा, नाक

16. 'नलिन' और 'राजीव' शब्द निम्नलिखित में से किस शब्द के पर्यायवाची हैं ?
(A) उपवन (B) अंबर
(C) उत्कर्ष (D) कमल

17. 'पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) ईशान (B) आग्नेय
(C) वायव्य (D) नैऋत्य

18. किस विकल्प में शब्द श्रुतिसम–भिन्नार्थक का सही अर्थ–भेद है ?
(A) प्रकृत – प्राकृत = एक भाषा – यथार्थ
(B) व्रण – वर्ण = रंग – घाव
(C) शशधर – शशिधर = चाँद – शिव
(D) विष – विस = धन – जहर

19. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
(A) वह ऑफिस में बैठा मेरी प्रतीक्षा कर रहा है ।
(B) दीन –दुर्बलों को प्यार करना मानवता है ।
(C) दस बजने को पंद्रह मिनट हैं ।
(D) लड़के अध्यापक को प्रश्न पूछते हैं ।

20. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :
(A) पराधीनता (B) अजवायन
(C) मुद्रिका (D) विहार

21. निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग एकवचन में होता है ?
(A) प्राण (B) सोना
(C) दर्शन (D) हस्ताक्षर

22. हे ईश्वर ! दया करो । रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है ?
(A) संबोधन कारक (B) करण कारक
(C) संप्रदान कारक (D) कर्म कारक

23. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन सा है ?
(A) जलधि (B) शांति
(C) ताप (D) काज

24. 'अभिभाषण' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) अभ (B) अ
(C) अभि (D) अभी

25. 'रक्तरंजित' शब्द में कौन सा समास है ?
(A) तत्पुरुष समास
(B) अव्ययीभाव समास
(C) द्वंद्व समास
(D) द्विगु समास

26. क्यों, कब कौन से सर्वनाम के उदाहरण हैं ?
(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(B) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम
(D) निजवाचक सर्वनाम

27. 'मदिरालय' शब्द के संधि–विच्छेद का चयन कीजिए :
(A) मदिरा + लय (B) मदिरा + अलय
(C) मदिर + आलय (D) मदिरा + आलय

28. अवतरण चिह्न को और किस नाम से जाना जाता है ?
(A) निर्देशक चिह्न (B) कोष्ठक चिह्न
(C) योजक चिह्न (D) उद्धरण चिह्न

29. 'सतसई' शब्द में किस प्रकार के संख्याबोधक विशेषण का प्रयोग है ?
(A) गणनावाचक विशेषण
(B) आवृत्तिबोधक विशेषण
(C) समुच्चयबोधक विशेषण
(D) अनिश्चित संख्याबोधक विशेषण

30. 'राधा ने पायल से चिट्ठी लिखवाई ।' इस वाक्य में कौन सी क्रिया है ?
(A) प्रेरणार्थक क्रिया (B) संयुक्त क्रिया
(C) नामधातु क्रिया (D) पूर्वकालिक क्रिया

31. 'चिल्लाहट' में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) आहट (B) हट
(C) चिल्ला (D) चि

32. 'राम अभी सोएगा ।' इस वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) भाववाच्य
(C) कर्तृवाच्य (D) कर्मवाच्य

33. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ बताइए :
(A) साधारण बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना
(B) आक्रमण करना
(C) धाक बैठना
(D) व्यर्थ काम करना

34. 'परोक्ष' का विलोम शब्द है
(A) द्रष्टव्य (B) अपरोक्ष
(C) स्थूल (D) प्रत्यक्ष

35. 'चमड़ी जाए, पर दमड़ी न जाए' लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) जान चली जाए पर पैसा न जाए
(B) पैसे का बहुत मोह होना
(C) अत्यधिक कंजूस होना
(D) पैसा ही माँ-बाप दोनों

36. 'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है ?
(A) वीर रस (B) रौद्र रस
(C) भयानक रस (D) वीभत्स रस

37. सोरठा के द्वितीय और चतुर्थ चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?
(A) 16 (B) 13
(C) 11 (D) 10

38. निम्नलिखित में से किस अलंकार में समान धर्म का होना अनिवार्य है ?
(A) यमक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) श्लेष

39. निम्नलिखित में से 'भाग' शब्द का अनेकार्थी शब्द किस विकल्प में नहीं है ?
(A) हिस्सा (B) बाँटना
(C) ब्याज (D) भागना

40. 'वह बाज़ार जा चुका है ।' इस वाक्य का काल पहचानिए ।
(A) आसन्न भूतकाल/पूर्ण वर्तमानकाल
(B) संदिग्ध वर्तमानकाल
(C) सामान्य वर्तमानकाल
(D) पूर्ण भूतकाल

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(प्र. सं. 41-45)**

भारत भयंकर अंग्रेज़ी-मोह की दुरवस्था से गुज़र रहा है । इस दुरवस्था का एक भयानक दुष्परिणाम यह है कि भारतीय भाषाओं के समकालीन साहित्य पर उन लोगों की दृष्टि नहीं पड़ती जो विश्वविद्यालयों के प्रायः सर्वोत्तम छात्र थे और अब शासन-तंत्र में ऊँचे ओहदों पर काम कर रहे हैं । इस दृष्टि से भारतीय भाषाओं के लेखक केवल यूरोपीय और अमेरिकी लेखकों से हीन नहीं हैं, बल्कि उनकी किस्मत मिस्र, बर्मा, इंडोनेशिया, चीन और जापान के लेखकों की किस्मत से भी खराब है क्योंकि इन सभी देशों के लेखकों की कृतियाँ वहाँ के अत्यंत सुशिक्षित लोग भी पढ़ते हैं । केवल हम ही हैं जिनकी पुस्तकों पर यहाँ के तथाकथित शिक्षित समुदाय की दृष्टि प्रायः नहीं पड़ती । हमारा तथाकथित उच्च शिक्षित समुदाय जो कुछ पढ़ना चाहता है, उसे अंग्रेज़ी में ही पढ़ लेता है, यहाँ तक कि उसकी कविता और उपन्यास पढ़ने की तृष्णा भी अंग्रेज़ी की कविता और उपन्यास पढ़कर ही समाप्त हो जाती है और उसे यह जानने की इच्छा ही नहीं होती कि शरीर से वह जिस समाज का सदस्य है उसके मनोभाव उपन्यास और काव्य में किस अदा से व्यक्त हो रहे हैं ।

41. भारतीय लेखकों की किस्मत खराब है क्योंकि
(A) उनकी पुस्तकों को यहाँ के नागरिक गर्व-योग्य नहीं मानते ।
(B) वे अपनी बात भारतीय शिक्षित पाठकों तक पहुँचा नहीं पाते ।
(C) वे अपनी भाषा के साहित्य को पढ़कर अपने समाज का हाल-चाल नहीं जान सकते ।
(D) वे अपनी भाषा में लिख नहीं सकते ।

42. उपयुक्त शीर्षक दीजिए –
(A) भारतीय लेखकों की दुर्दशा
(B) भारतीय शिक्षितों का अंग्रेज़ी-मोह
(C) भारतीय शिक्षितों की दुरवस्था
(D) भारत की दुरवस्था

43. भारत का सुशिक्षित समाज कौन सा साहित्य पढ़कर संतुष्ट हो जाता है ?
(A) भारतीय (B) देशी
(C) अंग्रेज़ी (D) हिंदी

44. भारतीय भाषाओं के साहित्य के प्रति समाज के किस वर्ग में अरुचि की भावना है ?
(A) नगरवासी (B) अनपढ़
(C) सुशिक्षित (D) उच्च

45. भारतीय भाषाओं के लेखक अमेरिकी, यूरोपीय तथा चीन, बर्मा, जापान के लेखकों से भी हीन हैं, क्योंकि-
(A) उनके साहित्य को भारत के सुशिक्षित लोग नहीं पढ़ते ।
(B) उनके साहित्य को भारत में नहीं पढ़ा जाता ।
(C) वे अंग्रेज़ी के मोह से ग्रस्त हैं ।
(D) उनमें स्वभाषा के प्रति गौरव नहीं है ।

46. मीराबाई किसकी शिष्या थीं ?
(A) संत एकनाथ (B) संत रैदास
(C) संत तुकाराम (D) संत नामदेव

47. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा पश्चिमी हिंदी से संबंध रखती है ?
(A) अवधी (B) बाँगरू
(C) भोजपुरी (D) राजस्थानी

48. निम्नलिखित में से 'नहीं' कौन से प्रकार का रीतिवाचक क्रियाविशेषण है ?
(A) निषेधवाचक (B) प्रश्नवाचक
(C) निश्चयबोधक (D) विधिबोधक

49. निम्नलिखित में से 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है ?
(A) वैराग (B) भोर
(C) रत्नाकर (D) भव

50. 'मेघ-मेध' श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द का सही अर्थ-भेद निम्न में से कौन सा है ?
(A) यज्ञ - जल (B) बादल - जीवन
(C) यज्ञ - बादल (D) बादल - यज्ञ

51. 'स्त्री जो अभिनय करती हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए ।
(A) नायिका (B) अभिनेत्री
(C) गायिका (D) नर्तकी

52. 'मानसरोवर' किसकी रचनाओं का संकलन है ?
(A) रामचंद्र शुक्ल (B) महादेवी वर्मा
(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर (D) प्रेमचंद

53. सरल करें : $\frac{17.28 \div x}{3.6 \times 0.2} = 2$

Simplify : $\frac{17.28 \div x}{3.6 \times 0.2} = 2$

(A) 15 (B) 14 (C) 12 (D) 10

54. निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?
What will replace the question mark (?) in the following equation ?
5072.19 + 368.312 + (?) = 9018.618
(A) 3578.116 (B) 3571.115
(C) 3578.112 (D) 3571.116

55. दो संख्याएँ 13 : 9 के अनुपात में हैं । यदि उनका HCF 13 है, तो बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए ।
Two numbers are in the ratio of 13 : 9. If their HCF is 13, then find the largest number.
(A) 143 (B) 117 (C) 169 (D) 52

56. रोहन और सोहम का वेतन 2 : 3 के अनुपात में है । यदि प्रत्येक के वेतन में ₹ 2,000 की वृद्धि होती है तो नया अनुपात 40 : 57 हो जाता है । सोहम का वर्तमान वेतन क्या है ?
Salaries of Rohan and Soham are in the ratio 2 : 3. If the salary of each is increased by ₹ 2,000, the new ratio becomes 40 : 57. What is Soham's present salary ?
(A) ₹ 34,000 (B) ₹ 25,500
(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 17,000

57. किसी स्कूल में, 20% छात्र 10 वर्ष से कम आयु के हैं । 10 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों की संख्या 10 वर्ष की आयु के छात्रों की संख्या, जो कि 48 है, का $\frac{2}{3}$ है । स्कूल में छात्रों की कुल संख्या कितनी है ?
In a certain school, 20% of students are below 10 years of age. The number of students above 10 years of age is $\frac{2}{3}$ of the number of students of 10 years age which is 48. What is the total number of students in the school ?
(A) 110 (B) 100 (C) 90 (D) 80

58. एक संख्या को 119 से विभाजित करने पर 19 शेष बचता है । यदि इसे 17 से विभाजित किया जाए, तो क्या शेष बचेगा ?
A number when divided by 119, leaves 19 as remainder. If it is divided by 17, it will leave a remainder
(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 1

59. एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज पर 3 वर्ष बाद ₹ 4,460 और 6 वर्ष बाद ₹ 6,690 हो जाती है । अनुमानित धनराशि ज्ञात कीजिये ।

A sum of money amounts to ₹ 4,460 after 3 years and to ₹ 6,690 after 6 years on compound interest. Find the approximate sum.

(A) ₹ 2,991.66 (B) ₹ 3,115.33
(C) ₹ 3,121.66 (D) ₹ 2,973.33

60. तीन साझेदार P, Q और R एक व्यवसाय शुरू करते हैं । P की पूँजी का दोगुना, Q की पूँजी के तीन गुना के बराबर है और Q की पूँजी, R की पूँजी के चार गुना के बराबर है । वर्ष के अंत में ₹ 27,500 के कुल लाभ में से R का हिस्सा है :

Three partners P, Q and R start a business. Twice P's capital is equal to thrice Q's capital and Q's capital is equal to four times R's capital. Out of total profit of ₹ 27,500 at the end of the year, R's share is :

(A) ₹ 15,000 (B) ₹ 5,000
(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 7,000

61. छह संख्याओं का औसत 3.75 है । उनमें से दो का औसत 3.2 है, जबकि अन्य दो का औसत 3.55 है । शेष दो संख्याओं का औसत क्या है ?

The average of six numbers is 3.75. The average of two of them is 3.2, while the average of other two is 3.55. What is the average of the remaining two numbers ?

(A) 4.6 (B) 4.5
(C) 4.4 (D) 4.3

62. एक वस्तु एक निश्चित कीमत पर बेची जाती है । उस कीमत के $\frac{2}{3}$ पर बेचने पर व्यक्ति को 10% की हानि होती है । मूल कीमत पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए ।

An article is sold at a certain price. By selling it at $\frac{2}{3}$ of that price one loses 10%. Find the gain percent at original price.

(A) 38% (B) 35%
(C) 30% (D) 25%

63. अनुक्रम 26, 20, 14, 8, ... का 21वाँ पद ज्ञात कीजिए ।

Find the 21st term of the sequence 26, 20, 14, 8, ........ .

(A) 88 (B) –100
(C) –94 (D) 146

64. वृत्ताकार मैदान का क्षेत्रफल 13.86 हेक्टेयर है । ₹ 3.2 प्रति मीटर की दर से इसकी बाड़ लगाने की लागत ज्ञात कीजिए । (1 हेक्टेयर = 10,000 $m^2$)

The area of circular field is 13.86 hectares. Find the cost of fencing it at the rate of ₹ 3.2 per metre.

(1 hectare = 10,000 $m^2$)

(A) ₹ 6,132 (B) ₹ 5,808
(C) ₹ 5,138 (D) ₹ 4,224

65. एक लड़का 9 किमी/घंटा की गति से 25 मीटर भुजा वाले एक वर्गाकार मैदान के चारों ओर दौड़ने में कितना समय लेगा ?

How long will a boy take to run round a square field of side 25 metres, if he runs at the rate of 9 km/hr ?

(A) 48 सेकंड/sec. (B) 42 सेकंड/sec.
(C) 40 सेकंड/sec. (D) 38 सेकंड/sec.

66. 4 लड़के और 6 लड़कियाँ एक काम को 10 दिनों में कर सकते हैं जबकि 6 लड़के और 4 लड़कियाँ उसी काम को 8 दिनों में कर सकते हैं । 4 लड़के और 2 लड़कियाँ उस काम को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं ?

4 boys and 6 girls can do a piece of work in 10 days while 6 boys and 4 girls can do the same work in 8 days. In how many days can 4 boys and 2 girls do the work ?

(A) 30 (B) 28
(C) 27/2 (D) 25/2

प्र. सं. 67 से 71 : बार ग्राफ का अध्ययन करें और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 67 to 71 :** Study the bar graph and answer the questions based on it.




**67.** 2005 और 2006 का औसत उत्पादन निम्नलिखित में से किस वर्षों के जोड़े के औसत उत्पादन के बिलकुल बराबर था ?

The average production of 2005 and 2006 was exactly equal to the average production of which of the following pairs of years ?

(A) 2002 और / and 2007

(B) 2004 और / and 2006

(C) 2004 और / and 2005

(D) 2006 और / and 2007

**68.** 2001 की तुलना में 2008 में मोबाइल के उत्पादन में अनुमानित प्रतिशत वृद्धि क्या थी ?

What was the approximate percentage increase in production of mobile in 2008 compared to that in 2001 ?

(A) 200% (B) 195%

(C) 183.33% (D) 166.67%

**69.** दिए गए वर्षों में से कितने वर्षों में मोबाइल का उत्पादन दिए गए वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक था ?

In how many of the given years was the production of mobiles more than the average production of the given years ?

(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 1

**70.** किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि अधिकतम थी ?

In which year was the percentage increase in production as compared to the previous year the maximum ?

(A) 2007 (B) 2005

(C) 2003 (D) 2002

**71.** 2003 से 2004 तक मोबाइल के उत्पादन में अनुमानित प्रतिशत गिरावट क्या थी ?

What was the approximate percentage decline in the production of mobile from 2003 to 2004 ?

(A) 29% (B) 27% (C) 23% (D) 21%

**72.** दिए गए चित्र में यदि त्रिभुज स्वस्थ लोगों को दर्शाता है, आयत वृद्ध व्यक्तियों को दर्शाता है और वृत्त पुरुषों को दर्शाता है, तो उन पुरुषों की संख्या क्या है जो स्वस्थ हैं लेकिन वृद्ध नहीं हैं ?

In the given figure if Triangle represents healthy people, Rectangle represents old persons and Circle represents men, then what is the number of those men who are healthy but not old ?




(A) 8 (B) 6 (C) 5 (D) 3

**73.** यदि '+' का अर्थ भाग है, '÷' का अर्थ गुणा है, '×' का अर्थ घटाव है और '–' का अर्थ जोड़ है, तो

$63 \times 24 + 8 \div 4 + 2 - 3 = ?$

If '+' stands for division, '÷' stands for multiplication, '×' stands for subtraction and '–' stands for addition, then

$63 \times 24 + 8 \div 4 + 2 - 3 = ?$

(A) 63 (B) 61 (C) 60 (D) 58

**74.** चार विकल्पों में से दी गई आकृति (X) की सही दर्पण छवि चुनें ।

Choose the correct mirror image of the given figure (X) from amongst the four alternatives.



(X) (1) (2) (3) (4)

(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 1

**75.** वह वेन आरेख चुनें जो निम्न के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह से समझाता है :

पति, परिवार, पत्नी

Choose the Venn diagram which best explains relationship among given :

Husband, Family, Wife



76. अक्षरों का कौन सा समूह दी गई अक्षर शृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर इसे पूरा करेगा ?
Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
a_d_a_n_m_a_a_d_m_n
(A) nmadnan (B) mnadmna
(C) nmadnna (D) nmaadna

77. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनें जो शृंखला को पूरा करेगा ।
Choose the correct alternative from given ones that will complete the series.
8, 23, 38, 53, 68, (?)
(A) 87 (B) 85 (C) 83 (D) 78

78. शेर : माँद : : खरगोश : (?)
(A) खाई (B) बिल
(C) गड्ढा (D) छिद्र
Lion : Den : : Rabbit : (?)
(A) Trench (B) Burrow
(C) Pit (D) Hole

79. BPMN : CQNO : : GTPL : (?)
(A) EUQM (B) HURN
(C) HUQM (D) DUQN

80. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?
How many triangles are there in the following figure ?



(A) 14 (B) 12 (C) 10 (D) 8

81. एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 9 किमी चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 10 किमी चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी चलता है । व्यक्ति प्रारंभिक स्थिति से कितनी दूर है ?
A person moves in north direction by 9 km, then turns left and moves by 4 km, again turns left and moves by 10 km, again turns left and moves by 4 km. How far the person is from initial position ?
(A) 14 किमी/14 km (B) 9 किमी/9 km
(C) 4 किमी/4 km (D) 1 किमी/1 km

82. निम्नलिखित प्रश्न में एक शब्द दिया गया है, उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता है । वह शब्द ढूँढ़ें ।
In the following question, one word is given, followed by four words, one of which cannot be formed using the letters of the given word. Find that word.
ADMINISTRATION
(A) MINISTER (B) RATION
(C) STATION (D) MIND

83. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I, II, III और IV क्रमांकित चार तर्क शामिल हैं । आपको यह तय करना होगा कि कौन सा/से तर्क 'मजबूत' तर्क है/हैं और कौन सा/से 'कमजोर' तर्क है/हैं और तदनुसार प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनें ।
**कथन :** क्या भारत को सभी संभावित क्षेत्रों में कम्प्यूटरीकरण करना चाहिए ?
**तर्क :**
I. हाँ । इससे कार्य में कुशलता एवं सटीकता आएगी ।
II. नहीं । यह उन विशाल मानव संसाधनों के साथ अन्याय होगा जिनका वर्तमान में कम उपयोग हो रहा है ।
III. नहीं । कम्प्यूटरीकरण के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है । हमें इस पर पैसा बर्बाद नहीं करना चाहिए ।
IV. हाँ । जब उन्नत देश हर क्षेत्र में कंप्यूटर पेश कर रहे हैं, तो भारत कैसे पीछे रह सकता है ।
(A) केवल II और III मजबूत हैं ।
(B) केवल I और III मजबूत हैं ।
(C) केवल I और II मजबूत हैं ।
(D) केवल I मजबूत है ।
Question given below consists of a statement, followed by four arguments numbered I, II, III and IV. You have to decide which of the argument(s) is/are 'strong' argument(s) and which is/are 'weak' argument(s) and accordingly choose your answer from the alternatives given below the question :
**Statement :** Should India go in for computerization in all possible sectors ?
**Arguments :**
I. Yes. It will bring efficiency and accuracy in the work.
II. No. It will be an injustice to the monumental human resources which are at present underutilized.
III. No. Computerization demands a lot of money. We should not waste money on it.
IV. Yes. When advanced countries are introducing computers in every field, how can India afford to lag behind.
(A) Only II and III are strong.
(B) Only I and III are strong.
(C) Only I and II are strong.
(D) Only I is strong.

84. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो धारणाएँ दी गई हैं । आपको कथन और निम्नलिखित धारणाओं पर विचार करना है और निर्णय लेना है कि कौन सी धारणा(एँ) कथन में अंतर्निहित है/हैं ।

**कथन :** 27 साल के कारावास ने मिहिर कलाल को राष्ट्रपति बनाया ।

**धारणाएँ :** I. जो 27 साल तक कारावास में रहेगा वह राष्ट्रपति बनेगा ।

II. राष्ट्रपति बनने के लिए कारावास एक योग्यता है ।

(A) न तो I और न ही II अंतर्निहित है ।
(B) या तो I या II अंतर्निहित है ।
(C) केवल धारणा II अंतर्निहित है ।
(D) केवल धारणा I अंतर्निहित है ।

In the question below a statement followed by two assumptions numbered I and II is given. You have to consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumption(s) is/are implicit in the statement.

**Statement :** Imprisonment for 27 years made Mihir Kalal the President.

**Assumptions :**

I. One who will be imprisoned for 27 years will become the President.

II. To become the President imprisonment is a qualification.

(A) Neither I nor II is implicit.
(B) Either I or II is implicit.
(C) Only assumption II is implicit.
(D) Only assumption I is implicit.

**प्र. सं. 85 से 89 :** किसी संगठन में कंप्यूटर पेशेवरों के चयन के लिए निम्नलिखित मानदंड हैं :

उम्मीदवार –

(1) न्यूनतम 65% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में कंप्यूटर इंजीनियर या एमसीए होना चाहिए ।
(2) ने चयन परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किये हों ।
(3) ने साक्षात्कार में कम से कम 40% अंक प्राप्त किये हों ।
(4) की आयु 1-10-2005 को 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो अन्य सभी मानदंडों को पूरा करता है, सिवाय

A. उपरोक्त (1) में, लेकिन 70% अंकों के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर है, तो मामला जीएम, भर्ती को भेजा जा सकता है ।

B. उपरोक्त (2) में, लेकिन सिस्टम एनालिस्ट के रूप में काम करने का कम से कम 2 साल का अनुभव है, तो मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जा सकता है ।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार के बारे में जानकारी दी गई है । आपको उपरोक्त मानदंडों और शर्तों के संदर्भ में इसका विश्लेषण करना है और फिर उचित कार्रवाई तय करनी होगी । आपको दी गई जानकारी के अलावा कुछ भी नहीं मानना है । ये सभी मामले आपको 1-10-2005 की स्थिति के अनुसार दिए गए हैं ।

**Q. Nos. 85 to 89 :** Following are the criteria for selection of computer professionals in an organisation :

The candidate must –

(1) be a Computer Engineer or MCA with first class having minimum 65% marks.
(2) have secured at least 50% marks in the Selection Test.
(3) have secured at least 40% marks in the Interview.
(4) not be less than 21 years and not more than 30 years of age as on 1-10-2005.

In case of candidate who satisfies all other criteria, except :

A. At (1) above, but is an Electronics Engineer with 70% marks, the case may be referred to the GM, Recruitment.

B. At (2) above, but is having at least 2 years' experience of working as a Systems Analyst, the case may be referred to the Chairman, Recruitment Committee.

In each of the following question, information about one candidate is given. You have to analyse it with reference to the above criteria and condition and then decide the appropriate course of action. You are not to assume anything other than the given information. All these cases are given to you as on 1-10-2005.

85. मोदी जय ने 1998 में 22 साल की उम्र में 70% अंकों के साथ एमसीए किया । उन्होंने साक्षात्कार में 55% अंक और चयन परीक्षा में 55% अंक प्राप्त किए । वह 1999 में प्रोग्रामर के रूप में एक आईआईटी कंपनी में शामिल हुए और दिसंबर 2002 में सिस्टम एनालिस्ट के रूप में पदोन्नत हुए ।

(A) यदि मामला जीएम, भर्ती को भेजा जाना है ।

(B) यदि मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जाना है ।

(C) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है ।

(D) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है ।

Modi Jay did MCA in 1998 with 70% marks at the age of 22 years. He scored 55% marks in Interview and 55% marks in the Selection Test. He joined an IIT company in 1999 as programmer and got promoted as Systems Analyst in December 2002.

(A) If the case is to be referred to the GM, Recruitment.

(B) If the case is to be referred to the Chairman, Recruitment Committee.

(C) If the candidate is not to be selected.

(D) If the candidate is to be selected.

86. संजय 75% अंकों के साथ एक सिविल इंजीनियर है । उनका जन्म 6 जुलाई, 1976 को हुआ था । उन्होंने चयन परीक्षा में 70% अंक और साक्षात्कार में 42% अंक प्राप्त किए ।

(A) यदि मामला जीएम, भर्ती को भेजा जाना है ।

(B) यदि मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जाना है ।

(C) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है ।

(D) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है ।

Sanjay is a Civil Engineer with 75% marks. He was born on 6th July, 1976. He scored 70% marks in the Selection Test and 42% marks in the Interview.

(A) If the case is to be referred to the GM, Recruitment.

(B) If the case is to be referred to the Chairman, Recruitment Committee.

(C) If the candidate is not to be selected.

(D) If the candidate is to be selected.

87. विजय, एक कंप्यूटर इंजीनियर, 2003 में 22 वर्ष की आयु में अंतिम परीक्षा में 72% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ । उसने चयन परीक्षा में 70% अंक और साक्षात्कार में 48% अंक प्राप्त किए ।

(A) डेटा अपर्याप्त है ।

(B) यदि मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जाना है ।

(C) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है ।

(D) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है ।

Vijay, a Computer Engineer, passed out with 72% marks in the final examination at the age of 22 years in 2003. He secured 70% marks in the Selection Test and 48% marks in the Interview.

(A) Data inadequate.

(B) If the case is to be referred to the Chairman, Recruitment Committee.

(C) If the candidate is not to be selected.

(D) If the candidate is to be selected.

88. अंकित ने बीएससी (आईटी) में 80% अंक और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 78% अंक प्राप्त किए । चयन परीक्षा और साक्षात्कार में उनके अंक क्रमशः 55% और 60% हैं । वह 2001 से सिस्टम एनालिस्ट के रूप में काम कर रहे हैं । उनकी जन्मतिथि 19 अप्रैल, 1980 है ।

(A) यदि मामला जीएम, भर्ती को भेजा जाना है ।

(B) यदि मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जाना है ।

(C) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है ।

(D) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है ।

Ankit scored 80% marks in B.Sc. (IT) and 78% marks in Electronics Engineering. His scores at the Selection Test and the Interview are 55% and 60% respectively. He has been working as Systems Analyst since 2001. His date of birth is 19th April, 1980.

(A) If the case is to be referred to the GM, Recruitment.

(B) If the case is to be referred to the Chairman, Recruitment Committee.

(C) If the candidate is not to be selected.

(D) If the candidate is to be selected.

89. दिव्या 80% अंकों के साथ एक कंप्यूटर इंजीनियर है। उन्होंने साक्षात्कार और चयन परीक्षा में 55% से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने XYZ कंपनी में 5 साल से अधिक समय तक सिस्टम एनालिस्ट के रूप में काम किया है।

(A) डेटा अपर्याप्त है।
(B) यदि मामला अध्यक्ष, भर्ती समिति को भेजा जाना है।
(C) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।
(D) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

Divya is a Computer Engineer with 80% marks. She scored more than 55% marks in the Interview and the Selection Test. She has worked in XYZ company as a Systems Analyst for more than 5 years.

(A) Data inadequate.
(B) If the case is to be referred to the Chairman, Recruitment Committee.
(C) If the candidate is not to be selected.
(D) If the candidate is to be selected.

90. आप एक पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात हैं, एक स्थानीय मेले में उत्तेजित भीड़ एक किशोर पर चोरी का आरोप लगाती है और मॉब लिंचिंग का प्रयास करती है। आपको :

(A) यदि पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं तो भीड़ को आरोपी को दंडित करने देना चाहिए।
(B) दबाव डालकर आरोपी से जुर्म क़बूल करवाना चाहिए।
(C) निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए किशोर को बचाना चाहिए और भीड़ को तितर-बितर करना चाहिए।
(D) पूछताछ के लिए आरोपी को गिरफ़्तार करने के लिए बल का प्रयोग करना चाहिए।

You are stationed as a police officer, an agitated crowd at a local fair accuses a teenager of theft and attempts mob lynching. You should :

(A) let the mob punish the accused if enough proof available.
(B) make the accused confess under duress.
(C) rescue the teenager and disperse the mob to ensure fair trial.
(D) use force to arrest the accused for questioning.

91. दंगा प्रभावित बहु-धार्मिक इलाके में पुलिस प्रमुख के रूप में, आपको :

(A) संवाद के माध्यम से समूहों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए बड़ों को शामिल करना चाहिए।
(B) सामुदायिक सीमाएँ लाँघने वाले उपद्रवियों पर सख़्त कार्रवाई करनी चाहिए।
(C) समाधान के लिए नगरपालिका अधिकारियों के साथ चिंताओं को प्रस्तुत करना चाहिए।
(D) तनाव कम होने तक अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाना चाहिए।

As head of police in a riot-hit mixed religious locality, you should :

(A) engage elders to reconcile groups through dialogue.
(B) act tough on miscreants crossing community lines.
(C) table concerns with municipal authorities for resolution.
(D) impose indefinite curfew till tensions subside.

92. आप एक पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात हैं, आपको आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को हिंसक रूप से बाधित करने की तैयारी की विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होती है। आपको :

(A) राजनीतिक अभियान कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए और सभा को प्रतिबंधित करना चाहिए।
